सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 105 | इंदौर, गुरुवार 30 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## राजा मर्डर चार्जशीट-सोनम पर हत्या, सबूत मिटाने के आरोप



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के मामले में मेघालय की ईस्ट खासी हिल्स जिले की अदालत ने पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इसमें राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी, उसका बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा और तीन अन्य आरोपियों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शामिल हैं।

कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 103(1) (मर्डर), 238 (a) (सबूत गायब करना) और 61(2) (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी) के तहत आरोप तय किए। पुलिस ने 5 सितंबर को सोहरा सब-डिवीजन के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की कोर्ट में 790 पेज की चार्जशीट पेश की थी। इस मामले में मंगलवार को आरोप तय करते समय कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए काफी सबूत हैं। हालांकि बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपी बेगुनाह हैं। जल्द ही ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। आरोपियों ने 5 बार निचली अदालत में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी जो खारिज की जा चुकी है। पुलिस अब बाकी तीन आरोपी सिलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और बलबीर अहिरवार के खिलाफ दूसरी चार्जशीट फाइल करने की तैयारी में है। इन तीनों को सबूत नष्ट करने में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। इंदौर निवासी ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की सोनम से शादी इसी साल 11 मई को हुई थी। इसके बाद अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ इसी साल 21 मई को हनीमून मनाने के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे। जहां वो 23 मई को हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। 10 दिन बाद पुलिस ने 30 फीट गहरी खाई से उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया, जिस पर धारदार हथियार से किए गए कई घाव थे। सोनम तब लापता थी। इसके बाद यूपी में उसने सरेंडर किया था। उससे पूछताछ के बाद आकाश, आनंद और विशाल को पकड़ा था।

रन फॉर साइबर अवेयरनेस

# साइबर अपराध से लड़ाई पुलिस के साथ पूरे समाज की : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि साइबर अपराध से लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। तकनीक और कानून अपने स्थान पर हैं, लेकिन साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार "जागरूकता" है। जब नागरिक सतर्क होगा, तभी राष्ट्र सुरक्षित रहेगा। वे बुधवार को अटल पथ स्थित प्लेटिनम प्लाजा पर आयोजित "रन फॉर साइबर अवेयरनेस" कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में जितनी तेजी से तकनीक बढ़ी है, उतनी ही तेजी से अपराधियों के नए तरीके भी सामने आए हैं। डिजिटल अरेस्ट, फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन ठगी और हैकिंग जैसे अपराध हर वर्ग को प्रभावित कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रन को झंडी दिखाकर रवाना किया। रन अटल पथ से एपेक्स बैंक तिराहा होते हुए टीटी नगर स्टेडियम तक संपन्न हुई।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल इंडिया का सपना केवल सुविधा नहीं, सुरक्षा के साथ जोड़ा था। आज डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस और ऑनलाइन सेवाएं आम जनजीवन का हिस्सा हैं। उन्होंने अपील की कि साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साइबर सुरक्षा के लिए "स्टॉप, थिंक एंड देन टेक एक्शन" का मंत्र दिया है। यानी अनजान कॉल या लिंक पर सोचकर ही कदम उठाएं। यही डिजिटल युग का संविधान और सुरक्षित नागरिक का संस्कार है। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि साइबर अपराध अब केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि विश्वास, पहचान और चरित्र की भी क्षति है। उन्होंने कहा कि अब "दरवाजा बंद करने के साथ स्क्रीन लॉक करना" भी सुरक्षा का नया नियम बन चुका है। रन में पुलिस अधिकारी, विद्यार्थी और सामाजिक संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।




## कर्मचारियों को 3% डीए में बढ़ोतरी! 4 माह का एरियर भी देने की तैयारी, जल्द हो सकती है घोषणा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य सरकार प्रदेश के करीब 7.5 लाख कर्मचारियों को बड़ी सौगात देने जा रही है। सरकार कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) 3 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला ले सकती है। 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर घोषणा हो सकती है। नया बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील माना जाएगा। इसे नवंबर और दिसंबर के वेतन में शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही जुलाई से अक्टूबर तक के चार महीने का एरियर भी कर्मचारियों को दिया जाएगा। वित्त विभाग के अनुमान के अनुसार, सरकार पर हर महीने लगभग 125 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ आएगा। वहीं, एरियर समेत कुल वित्तीय भार करीब 600 करोड़ रुपये तक पहुंचेगा।

वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 55% महंगाई भत्ता मिल रहा है। पहले यह 52% था, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 27 मई को 3% बढ़ाने की घोषणा की थी। यह बढ़ोतरी जनवरी से लागू हुई थी और इसका भुगतान जून से शुरू किया गया था। उस समय के एरियर का भुगतान कर्मचारियों को पांच किस्तों में किया गया था। संभावना है कि इस बार भी सरकार दिसंबर से मार्च तक चार किस्तों में एरियर भुगतान की प्रक्रिया अपनाएगी।

# मेट्रो स्टेशन नहीं बनने की घोषणा के बावजूद मिट्टी परीक्षण के लिए पहुंची टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मल्हारगंज क्षेत्र में फिर से मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर मिट्टी परीक्षण शुरू किया है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई है। रहवासियों का कहना है कि पहले ही सार्वजनिक रूप से घोषणा की गई थी कि मल्हारगंज में न तो मेट्रो स्टेशन बनेगा और न ही लाइन गुजरेगी। इसके बावजूद अधिकारी मिट्टी परीक्षण कर रहे हैं, जिस पर उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई लिखित आदेश नहीं मिला है, इसलिए परीक्षण जारी है। यह नियमित सर्वे है।**



रहवासियों का मानना है कि यदि मेट्रो लाइन या स्टेशन यहाँ बनाया गया तो कई घर प्रभावित होंगे और लोगों को घर छोड़ने पड़ेंगे। इस 30 अक्टूबर को एक बैठक होगी। जिसमें इस मुद्दे को रहवासी रखेंगे। आपको बता दे कि मल्हारगंज में मेट्रो स्टेशन अंडरग्राउंड बनाया जा रहा है। इसके लिए जमीन अधिगृहित करने के लिए कुछ रहवासियों को नोटिस दिए गए है। बीते सालभर से स्टेशन को लेकर रहवासी विरोध जता रहे थे। पिछले दिनों एक नंबर विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंच से सार्वजनिक तौर पर घोषणा की है कि मल्हारगंज में मेट्रो स्टेशन नहीं बनेगा। उसके लिए दूसरा स्थान खोजा रहा है। इंदौर में दस किलोमीटर से ज्याद लंबाई में मेट्रो का अंडरग्राउंड रुट बनना है। इसके लिए जगह-जगह मिट्टी परीक्षण की किए जा रहे है। प्रोजेक्ट में राजवाड़ा चौक के नीचे मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित था, लेकिन पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने इस मामले में नाराजगी जताई थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा था। इसके बाद प्लानिंग से मेट्रो स्टेशन हटाकर जूना रिसाला क्षेत्र में किया गया।

# एसडीएम-तहसीलदारों को एसआईआर का प्रशिक्षण

## झूठी जानकारी देने पर केस दर्ज करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 के संबंध में वर्चुअली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

भोपाल से वर्चुअली जुड़े मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। एक-दो बार नहीं मिलने पर बीएलओ तीन बार घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति गलत या झूठी घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा। इसमें बताया गया कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान केन्द्रवार बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किए गए हैं। इनके सहयोग के लिए राजनीतिक दल बूथ लेवल अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त कर सकते हैं। आम नागरिकों के सहयोग के लिए वॉलेंटियर भी नियुक्त किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है। इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट https://ceomadhyapradesh.nic.in/VL2003.aspx पर भी उपलब्ध है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू हो गई है जो 7 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावा आपत्तियों के आवेदन 9 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 7 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

# मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत नियुक्त किए जाएंगे वॉलेंटियर

- न्यूनतम योग्यता 10वीं पास, आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **जिले में केन्द्र सरकार के 'मेरा युवा भारत' कार्यक्रम के तहत युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के कार्य में नियोजित करने के लिए 10 वॉलेंटियर नियुक्त किए जाएंगे। इनमें से दो-दो वॉलेंटियर सांवेर, महू एवं देपालपुर क्षेत्र के लिए तथा इंदौर क्षेत्र में 2 फील्ड कार्यों के लिए तथा 2 कार्यालयीन कार्यों के लिए तैनात किए जाएंगे।**

बताया गया कि वॉलेंटियर्स को स्वास्थ्य, साक्षरता, स्वच्छता, लैंगिक समानता एवं अन्य सामाजिक विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें प्रशासनिक कार्यों या आपातकालीन स्थितियों में सहायता के लिए भी बुलाया जा सकता है। आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन के इच्छुक युवा की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। आयु 18 से 29 वर्ष (1 अप्रैल 1996 से 31 मार्च 2007 के बीच जन्म) लिया होना चाहिए। इन्हें 5 हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय दिया जाएगा। कोई भी नियमित छात्र आवेदन हेतु पात्र नहीं होगा। ऑनलाइन आवेदन https://nyks.nic.in/nycapp/main.asp पर किया जा सकता है। आवेदन के उपरांत उत्पन्न Application Number का उपयोग कर प्रिंट लेकर साक्षात्कार के समय सभी आवश्यक दस्तावेज एवं फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवम्बर है। साक्षात्कार की सूचना आवेदकों को ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।

### इंदौर को मिली एक और बड़ी उपलब्धि

# क्लब फुट मुक्त जिला घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंदौर को एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। इंदौर जिले में 31 मार्च 2025 तक 2 वर्ष से 18 वर्ष तक के क्लबफुट से ग्रसित बच्चों की सर्जरी कराने पर इंदौर जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है। क्लब-फुट फ्री घोषित होने पर राज्य स्तर से सराहना मिली है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 0-18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं शासन द्वारा अनुदान प्राप्त स्कूलों में मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा किये जा रहे हैं। इसके तहत 4-डी (जन्मजात विकृति, बाल्यावस्था रोग, कमियां, विकासात्मक विलंब सहित विकास में देरी) के चिन्हांकन हेतु कार्य किया जा रहा है। 4-डी के अंतर्गत क्लब फुट के 2 से 18 वर्ष तक के समस्त चिन्हांकित बच्चों का उपचार/सर्जरी कराकर प्रदेश को क्लब-फुट मुक्त किया जाना मध्यप्रदेश शासन का एक प्रमुख लक्ष्य है। डॉ. सलोनी सिडाना मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल ने पत्र में कहा कि यह उपलब्धि कलेक्टर शिवम वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता एवं समस्त चिकित्सा टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। क्लब फुट जैसे जन्मजात दोष का समय पर उपचार, बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिशा में इंदौर द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रम, समयबद्ध पहचान, समुचित उपचार और सतत निगरानी के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से तथा विभाग की ओर से सराहना करती हूं। यह प्रयास न केवल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में भी एक उल्लेखनीय योगदान है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय इंदौर के परिसर में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) पर प्रत्येक मंगलवार को क्लब फुट से ग्रसित बच्चों के उपचार हेतु निःशुल्क ओ.पी.डी. रहती है।

# योजना का लाभ नहीं देने पर कलेक्टर ने किया निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा ने एक व्यक्ति को सरकारी योजना का लाभ नहीं देने पर कर्मचारी को निलंबित कर दिया। देपालपुर निवासी गिरधारी ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा से देपालपुर तहसील में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 महेंद्र प्रतापसिंह भील की शिकायत की थी। गिरधारी ने बताया कि उनकी मां को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। मैंने देपालपुर में राज्य शासन की सोलेशियन फंड योजना के तहत आवेदन लगाया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कलेक्टर ने तुरंत जांच के निर्देश दिए। इसमें पता चला कि देपालपुर तहसील के कीरखेड़ा निवासी गिरधारी पिता सेवाराम बाणिया ने अपनी मां भागवंताबाई पति सेवाराम की 18 अप्रैल 2025 को अज्ञात वाहन दुर्घटना से मृत्यु होने पर सोलेशियन फंड से आर्थिक सहायता के लिए देपालपुर के एसडीओ को आवेदन दिया था। यहां महेंद्र प्रतापसिंह भील को 47 दिवस देरी से कार्रवाई करने और 57 दिन देरी से वरिष्ठ कार्यालय को प्रकरण भेजने के मामले में दोषी पाया गया। इसके चलते महेंद्र प्रतापसिंह को तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय तहसील हातोद जिला इन्दौर में नीयत किया है।

# एबीवीपी के छात्र नेताओं ने प्रदर्शन किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्टूडेंट्स से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को एबीवीपी के छात्र नेताओं ने आरएनटी मार्ग स्थिति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। मांगों को लेकर उन्होंने परिसर में जमकर नारेबाजी की। साथ ही तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है कि अगर कार्रवाई नहीं होती है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।**

बुधवार को स्टूडेंट्स के साथ छात्र नेता देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी भी की। एबीवीपी के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने बताया कि साथ विभाग के इंस्टीट्यूशन कोड नहीं मिलने के मामले सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। डिपार्टमेंट का इंस्टीट्यूशन कोड नहीं आया है, जिसके कारण कई स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप नहीं मिल पा रही है। साथ ही इसके कारण कई समस्याएं भी स्टूडेंट्स को आ रही है।

# हाई वोल्टेज करंट से जा रही जानें, मंत्री ने कहा निर्माण कार्य बंद करवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में ट्रांसमिशन लाइन के हाई वाल्टेज करंट के कारण लगातार जानें जा रही हैं और कंपनी का तर्क है कि चेतावनी नजरअंदाज करने के कारण लोग जान जोखिम में डाल रहे हैं। हाल ही में मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 के.व्ही. सबस्टेशन साउथ जोन इंदौर से निकली 132 के.व्ही. साउथ जोन - केट 1 ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित मार्ग सीमा में एक युवक की मौत हो गई।

कंपनी का कहना है कि इन्हें पूर्व में बकायदा नोटिस जारी किए गए थे एवं इन क्षेत्र में सार्वजनिक मुनादी के अलावा एमपी ट्रांसको के अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह घातक निर्माण हटाने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर अनेक बार समझाइश भी दी थी। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, घटना 20 अक्टूबर की है। राजेंद्र नगर क्षेत्र की अबीर विहार कॉलोनी में गमले वाली पुलिया निवासी संजय चौहान (पुत्र दलसिंह चौहान) अपने घर पर दिवाली के लिए लाइटिंग लगा रहे थे। इसी दौरान वह घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। पिता ने बताया कि तेज आवाज सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे, तब तक संजय झुलस चुके थे। पांच दिनों तक जिंदगी और मौत से जंग लड़ने के बाद संजय ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। कंपनी का कहना है कि हादसे के समय ट्रांसमिशन लाइन से सीधा संपर्क नहीं हुआ, लेकिन 1 लाख 32 हजार वोल्टेज के इंडक्शन प्रभाव के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हुआ व इलाज के दौरान उस युवक की मृत्यु हो गई। एम.पी. ट्रांसको इंदौर की अतिरिक्त मुख्य अभियंता नीलम खन्ना ने बताया कि जिस मकान (क्रमांक 71, अबीर विहार कॉलोनी, राऊ) में हादसा हुआ, उसके मालिक को मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा पहले से ही नोटिस जारी किए गए थे। कंपनी ने ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण कार्य रोकने और खतरनाक निर्माण हटाने के लिए व्यक्तिगत रूप से भी परिवार को चेताया था, किंतु लगातार चेतावनियों की अनदेखी के चलते यह दुर्घटना हुई। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व खंडवा रोड स्थित साईबाग कॉलोनी में भी एक मकान पर वेल्डिंग कार्य के दौरान दो श्रमिक 132 केवी लाइन के इंडक्शन प्रभाव से गंभीर रूप से झुलस गए थे। नीलम खन्ना ने बताया कि इंदौर में अब तक ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित क्षेत्रों में निर्माण करने वालों को 1031 नोटिस दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि "एम.पी. ट्रांसको नागरिकों की जान की सुरक्षा और ट्रांसमिशन लाइन के खतरों से उन्हें जागरूक करने के लिए सतत प्रयासरत है।" ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण न केवल मानव जीवन के लिए खतरा हैं बल्कि प्रदेश की बिजली आपूर्ति को भी लंबे समय तक बाधित कर सकते हैं। घरेलू बिजली की तुलना में ट्रांसमिशन लाइनों में प्रवाहित धारा लगभग 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

इंदौर सहित प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में एम.पी. ट्रांसको की टीमें पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, जनजागरूकता कार्यक्रम और नोटिस के माध्यम से लोगों को समझाइश दे रही हैं। कई स्थानों पर प्रशासन की मदद से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है।

# रणजीत हनुमान मंदिर में भट्टी पूजन, 50 हजार भक्तों के लिए तैयार हो रही प्रसादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में बुधवार को भट्टी पूजन हुआ। पूजन के बाद भोग प्रसादी बनाने का काम शुरू हुआ। गुरुवार को मंदिर परिसर में चलित अन्नकूट महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें 50 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए प्रसादी तैयार की जा रही है। अन्नकूट में पूड़ी, सब्जी, नुक्ती और भजिए बनाए जाएंगे।**



बुधवार को मंदिर परिसर के ग्राउंड में अन्नकूट के लिए अस्थायी भट्टियां तैयार की गईं, जिन पर प्रसादी बनाने का काम चल रहा है। सबसे पहले नुक्ती तैयार की जा रही है, इसके बाद अन्य व्यंजन बनाए जाएंगे। गुरुवार शाम को बाबा रणजीत का भव्य श्रृंगार, छप्पन भोग और आरती की जाएगी। भोग लगाने के साथ ही अन्नकूट महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर शहर के 101 मंदिरों में भोग प्रसादी भी भेजी जाएगी। बुधवार को मंदिर परिसर में मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास सहित भक्त मंडल के सदस्य और मंदिर प्रबंधन के पदाधिकारियों ने विधि विधान के साथ भट्टी पूजन किया। मंत्रों उच्चार के साथ पूजन कर, भट्टी में आग प्रज्वलित कर प्रसादी तैयार करने के काम की शुरुआत की गई। मंदिर में चलित अन्नकूट का आयोजन किया है। 50 हजार भक्तों के लिए भोजन प्रसादी तैयार की जा रही है। मंदिर परिसर के अलग अलग काउंटर की व्यवस्था रहेगी, जहां से भक्तों को पैकेट में प्रसादी दी जाएगी। प्रसादी में पूड़ी,सब्जी, नुक्ती और भजिए रहेंगी। मंदिर परिसर में होने वाले इस आयोजन को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। चलित अन्नकूट होने से भक्तों को ज्यादा देर लाइन में इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# पहाड़ी पर हो रहा था अवैध खनन, टीम ने रुकवाया

### पोकलेन ले आई थाने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के आसपास के पथरीले इलाकों में अवैध खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिन्हें रोकने के लिए कभी कभार अफसरों की टीम पहुंच जाती है। इंदौर-उज्जैन रोड पर बारोली गांव की गौशाला के पीछे बीते कई दिनों से अवैध खनन हो रहा था। यहां बाकायता एक पोकलेन पहाड़ी को खोखला कर रही थी और रोज सैकड़ों डंपर मुरम बेची जा रही थी। इसकी भनक जब खनिज विभाग के अफसरों को लगी तो उन्होंने अवैध खनन करते समय छापा मारने की प्लानिंग की। मौके पर अमला पहुंचा तब एक पोकलेन से खुदाई की जा रही थी। अफसरों ने काम रुकवाया और पोकलेन जब्त की। यह पोकलेन जाख्या गांव के बलजीत भाटिया की है। अफसरों को देख ड्रायवर चाबी लेकर भाग गया। अमले ने उसका पीछा किया, लेकिन वह नहीं मिला। कई बार अवैध खनन करने वाले अमले से विवाद कर जब्त वाहन छुड़वा लेते है। इस कारण अफसरों ने पोकलेन को एक अन्य वाहन के जरिए पुलिस चौकी धरमपुरी तक पहुंचाया। इस मामले में मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत अवैध खनन का केस दर्ज किया है। पोकलेन मालिक को भी नोटिस देने की तैयारी की जा रही है। इंदौर जिले के सांवेर, महू और उदयपुर के जंगलों में अवैध खनन बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिन ठेकेदारों को खदानें लीज पर दी गई है। वे भी तय क्षेत्र के अलावा दूसरे हिस्से में जाकर भी अवैध खनन करते है।

# कारोबारी परिवार की बहू पर घर में घुसने पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया क्षेत्र में गाजियाबाद से आई महिला और उसके ससुराल पक्ष के बीच चल रहे विवाद में नया मोड़ आ गया है। मंगलवार को महिला की सास ने बहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, वहीं बहू ने एक वीडियो वायरल कर पुलिस पर ससुराल पक्ष से साठगांठ करने का आरोप लगाया है।

दरअसल, कुछ दिन पहले महिला गाजियाबाद से इंदौर आई थी। उसने अपने सास, ससुर और पति पर घर में नहीं घुसने देने का आरोप लगाया था। उस वक्त मौके पर महिला पुलिस पहुंची थी और दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी थी। लसूड़िया पुलिस ने 62 वर्षीय कनकलता सिंघानिया निवासी शांति निकेतन की शिकायत पर गाजियाबाद निवासी रूचि शर्मा और नंदिनी डोगरा के खिलाफ जबरदस्ती घर में घुसने का मामला दर्ज किया है। कनकलता ने बताया कि 19 अक्टूबर की सुबह रूचि शर्मा बिना अनुमति उनके घर में घुस आई थी। जब उसे रोका गया तो उसने हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं और गले की सोने की चैन टूट गई। हालांकि, पुलिस को दिए आवेदन में कनकलता सिंघानिया ने बताया कि उनके बेटे नितेश सिंघानिया की शादी रूचि से मई 2022 में हुई थी। अगस्त 2022 में रूचि गाजियाबाद चली गई। आपसी विवाद के चलते दोनों परिवारों के बीच मामला न्यायालय में लंबित है। कनकलता का कहना है कि विवादों के कारण उन्होंने अपने बेटे नितेश और बहू रूचि दोनों को संपत्तियों से बेदखल कर दिया था। इसके बावजूद 19 अक्टूबर की सुबह रूचि जबरदस्ती किचन के रास्ते से घर में घुस गई और घर पर कब्जा करने की कोशिश की। फिलहाल वह घर के अंदर दरवाजा बंद कर रह रही है, जिससे कनकलता ने अपनी जान को खतरा बताया है। इस मामले में कनकलता सिंघानिया की बहू रूचि शर्मा ने एक वीडियो वायरल कर दोबारा अपने पति, सास और ससुर पर आरोप लगाए हैं। रूचि का कहना है कि उसे जबरन संपत्ति से बेदखल किया जा रहा है। उसने लसूड़िया पुलिस पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने रुपए लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# सरवटे बसस्टैंड से मिला नवजात मातृछाया को सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सरवटे बस स्टैंड पर मंगलवार को सनावद जाने वाली बस में मिले नवजात को मेडिकल जांच के बाद मातृछाया संस्था को सौंप दिया गया है। जहां बच्चे की देखभाल होगी। इस कार्यवाही के बीच बच्चे को गोद लेने के लिए कई लोग सामने आए हैं। जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। हालांकि बच्चे को गोद देने में जल्दबाजी नहीं की जाएगी। पुलिस पहले उसके माता-पिता का पता लगाएगी। पुलिस को आशंका है कि पति-पत्नी के आपसी विवाद के चलते दंपत्ति बच्चे को बस में छोड़कर चले गए हैं। दंपत्ति का पता लगाने के लिए पुलिस ने जहां मुखबिरों को सक्रिय कर दिया है, वहीं और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। बता दें कि बस से बच्चा मिलने के बाद पुलिस ने बाल कल्याण समिति (CWC) को इसकी जानकारी दी थी। CWC के कहने पर ही बच्चे को मातृछाया भेजा गया है। इस संस्था में एक माह से 4 साल तक के बच्चों को रखकर लालन-पालन किया जाता है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। छोटी ग्वालटोली थाने के टीआई संजू कामले के मुताबिक मंगलवार को एक फुटेज में मुंह पर स्कार्फ बांधे महिला दिखी थी। पुलिसकर्मियों की टीम को फुटेज तलाशने का जिम्मा सौंपा गया है। इसमें तीन थानों की टीम लगाई गई है। कुछ और फुटेज में बच्चे के माता-पिता का सुराग मिलने की उम्मीद है। उधर, छोटी ग्वालटोली की महिला पुलिसकर्मी सहित अन्य स्टाफ ने बच्चे को गोद लेने की इच्छा जताई है, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के चलते यह सब जल्दी संभव नहीं है।

# स्कूली छात्रा का फोटो एडिट कर शेयर किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग स्कूली छात्रा के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिए गए। जब छात्रा के पिता ने आरोपी से इस बारे में बात की, तो उसने उन्हें धमकी दी और बेटी की हत्या करने की बात कही।**

मामला गंभीर होने पर परिजन मंगलवार रात थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को रात में ही हिरासत में ले लिया। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, 17 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर अमन जोशी नाम के युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पीड़िता और अमन के बीच पहले दोस्ती थी। बाद में पीड़िता ने उससे बात करना बंद कर दिया। इसी बात से नाराज होकर अमन ने एक फर्जी आईडी बनाई और लड़की के साथ की तस्वीरों को एडिट कर वायरल कर दिया। जब कुछ परिचितों ने छात्रा के पिता को इस बारे में बताया, तो उन्होंने अमन से संपर्क कर ऐसा करने से मना किया। इस पर अमन ने उन्हें गालियां दीं और धमकी दी कि अगर लड़की की शादी की तो जहां भी शादी करोगे, मैं उसकी हत्या कर दूंगा। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी की हरकतों के कारण उनकी बेटी ने स्कूल जाना बंद कर दिया है और वह डिप्रेशन में है। परिवार को आशंका है कि अमन भविष्य में भी कोई गंभीर घटना कर सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया।

# मंडी में नहीं बची प्याज रखने की जगह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चोइथराम मंडी में प्याज की आवक इतनी ज्यादा हो रही है कि मंडी में ट्रक खाली करने की जगह नहीं बची। मंडी प्रशासन को किसानों को कहना पड़ा कि वे फिलहाल प्याज न लाए। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के जिलों से हर दिन 70 से ज्यादा ट्रक आ रहे है। इस साल भी भरपूर प्याज की फसल होने के कारण यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्याज के भाव नए साल में भी ज्यादा नहीं बढ़ेंगे। उधर भाव ज्यादा मिलने की उम्मीद के चलते कई किसानों ने प्याज स्टॉक कर रखा था, लेकिन बारिश होने और चार दिन पहले प्याज के कीमत में थोड़ा इजाफा होने के कारण किसानों भरपूर मात्रा में प्याज मंडी तक ले आए है। इस कारण फिर प्याज के भाव एक रुपये बुधवार को टूट गए। पिछले सप्ताह प्याज के भाव 14 रुपये तक गए थे। भाव बढ़ने के बाद किसानों ने इंदौर मंडी में प्याज लाना शुरू कर दिए है। बुधवार को प्याज थोक रेट में 12 से 13 रुपये किलो बिका। मंडी में मंगलवार को भी प्याज की आवक आम दिनों की तुलना में ज्यादा रही। जो प्याज एक दिन पहले मंडी में आया था, वह उठ नहीं पाया और बुधवार को फिर ट्रकों का जमावड़ा लग गया। इस कारण मंडी में जाम जैसे हालात बन गए। कई ट्रक तो मंडी के बाहर भी खड़े नजर आए। आने वाले दिनों में प्याज की आवक मंडी में और बढ़ेगी। इंदौर मंडी में महाराष्ट्र की तरफ से भी काफी मात्रा में प्याज आ रहा है। मंडी प्रशासन का कहना है कि सोमवार और मंगलवार को बारिश होने के कारण प्याज खराब होने का खतरा था। इस कारण ट्रकों को मंडी में ही खड़ा कराया गया था। इस कारण जाम जैसी स्थिति बनी है।

# पालदा में नकली घी की फैक्ट्री पकड़ाई

### 3400 लीटर मिलावटी घी बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि हमें इस संबंध में शिकायत मिली थी। इसके बाद बुधवार को छापामार कार्रवाई की है। इसके यहां से सेंपल लेकर जांच की गई थी। प्रारंभिक जांच में मिलावटी घी पाया गया था। इसके बाद मौके पर पहुंचकर 3400 लीटर मिलावटी घी बरामद किया गया।**



घी की और भी जांच की जाएगी। इसमें कोई हानिकारक तत्व पाए जाते हैं तो उनकी भी जांच की जाएगी। इसके संचालक पर केस दर्ज किया जाएगा। संचालक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमारी टीम दीवाली के पहले से मिलावटी खाद्य पदार्थों को पकड़ रही है। कलेक्टर ने बताया कि इसकी जांच भी कर रहे हैं कि यहां से कहां-कहां सप्लाय किया जा रहा था। इसकी पूरी लिंक का पता लगाया जाएगा। सभी लोगों पर कार्रवाई करेंगे। बताया गया है कि संचालक बाजार से बटर और देसी घी खरीदकर उन्हें मशीनों में मिक्स करके घी तैयार करता था। फैक्ट्री संचालक नरेंद्र कुमार ने बताया कि मेरा देसी घी का काम है। मैं देसी घी री-पैकर और ट्रेडिंग दोनों करता हूं। मैं मार्केट से बटर लेता हूं। और बाजार से लूज घी लेता हूं। और अपने ब्रांड में पैक करके बेचता हूं। मैं पॉम ऑइल नहीं डालता हूं। मेरा रजिस्टर्ड ब्रांड है। मैं सात साल ये काम कर रहा हूं। एगमार्क-ट्रेडमार्क और कॉपीराइट है। किसी ने मेरी शिकायत कर दी थी, कि इनके यहां गलत काम होता है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव विद्यार्थियों के खातों में आज अंतरित करेंगे 300 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति

## 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों को पहुंचेगा फायदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार 30 अक्टूबर को 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन के सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और जनजातीय कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह भी मौजूद रहेंगे।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.



यादव विद्यार्थियों और जन-समुदाय को वर्चुअली संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी जिलों के समस्त विद्यालयों में भी होगा। कार्यक्रम में समेकित छात्रवृत्ति योजना के पात्र विद्यार्थी जिला अथवा विकासखण्ड के विद्यालयों के समेकित छात्रवृत्ति कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में विधायक और जन-प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन में समेकित छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपी गई है। इस योजना के तहत 6 विभागों स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति कल्याण, जनजातीय कल्याण, विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्द्ध घुमक्कड़, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण और सामाजिक न्याय विभाग की 20 प्रकार की छात्रवृतियों की राशि प्रदान की जाती है। समेकित छात्रवृत्ति योजना में प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा-1 से 12 तक अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा अंतरित की जाने वाली राशि में स्कूल शिक्षा विभाग की 7 प्रकार की छात्रवृत्ति जैसे सामान्य निर्धन वर्ग छात्रवृत्ति, सुदामा प्री-मेट्रिक, स्वामी विवेकानन्द पोस्ट मेट्रिक, सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों के बच्चों की छात्रवृत्ति, पितृहीन कन्याओं की छात्रवृत्ति, इकलौती बेटी की शिक्षा विकास छात्रवृत्ति की राशि भी शामिल है।

## सिवनी में बाघ का सिर सहलाया, शराब ऑफर की...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक व्यक्ति को बाघ का सिर सहलाते और शराब ऑफर करते दिखाया गया है। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि पेंच टाइगर रिजर्व से सटे एक गांव के राजू पटेल (52) ने नशे की हालत में बाघ को बिल्ली समझ लिया। वीडियो में दिख रहा है कि राजू ने न सिर्फ बाघ का सिर सहलाया, बल्कि उसे देशी शराब भी ऑफर की। इस वीडियो से सोशल मीडिया पर तरह-तरह गे कमेंट आने लगे। लोग राजू की 'निडरता या नशे में बहादुरी' पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे थे। हालांकि, पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने इस वीडियो को फर्जी बताया है। बताया जा रहा है कि राजू पटेल देर रात दोस्तों के साथ ताश खेलकर नशे में घर लौट रहा था। इसी दौरान उसने सड़क किनारे कुछ हिलता हुआ देखा। वीडियो में दिख रहा है कि वह लगभग 5-10 मिनट तक बाघ के पास खड़ा रहा। बोतल आगे बढ़ाई, जिसे बाघ ने सूंघा, लेकिन अनदेखा कर दिया। वन विभाग ने ग्रामीण इलाकों में इस तरह की नजदीकी हरकतों को बेहद खतरनाक बताया है। खासकर पेंच क्षेत्र में जहां हाल ही में मानव-बाघ टकराव के कई मामले सामने आए हैं। डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो में कोई सच्चाई नहीं है। इसकी जांच होनी चाहिए।

# महिला डीएसपी ने सहेली के घर से मोबाइल और दो लाख रुपए की चोरी की, एफआईआर के बाद फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मप्र पुलिस को शर्मसार करने वाली एक घटना और घटी है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एक डीएसपी पर सहेली के घर चोरी का आरोप लगा है। साथ ही सहेली ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी दिए हैं। महिला डीएसपी पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सहेली के घर से मोबाइल और दो लाख रुपए की चोरी की है।

यह आरोप महिला डीएसपी कल्पना रघुवंशी पर लगा है। सहेली की शिकायत पर महिला डीएसपी के खिलाफ



एफआईआर दर्ज हो गई है। जहांगीराबाद थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार महिला डीएसपी ने अपनी सहेली के घर से मोबाइल और दो लाख रुपए की चोरी की है। बताया जा रहा है कि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद डीएसपी ने मोबाइल फोन लौटा दिए हैं। वहीं, दो लाख रुपए के साथ वह फरार हैं। सहेली ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि मैं नहाने गई थी। इसी दौरान कल्पना रघुवंशी घर में घुसीं। चार्जिंग में लगे फोन और बैग से दो लाख रुपए नगद लेकर चली गईं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद महिला डीएसपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। गौरतलब है कि इस घटना ने पुलिस महकमे को एक बार फिर से शर्मसार किया है। कुछ दिनों अंदर एमपी पुलिस कई मामलों में फंस चुकी है। इसकी वजह से डैमेज कंट्रोल को लेकर पुलिस ने विभाग ने अपने ही अधिकारियों पर कार्रवाई की है। अब बताया जा रहा है कि चोरी के आरोपों में घिरी कल्पना रघुवंशी पर भी विभाग एक्शन ले सकती है। साथ ही कल्पना रघुवंशी को नोटिस भी जारी कर सकती है।

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस बार पांच दिनों का होगा, लेकिन इसमें सिर्फ चार ही बैठकें प्रस्तावित की गई हैं। विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। सत्र 1 दिसंबर से आरंभ होकर 5 दिसंबर तक चलेगा, बीच में एक दिन बुधवार को अवकाश रहेगा। सूत्रों के मुताबिक, सत्र के दौरान राज्य सरकार कुछ महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पेश करने की तैयारी कर रही है। इनमें वित्तीय प्रावधानों और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े प्रस्ताव शामिल हो सकते हैं। सरकार इस सत्र को "संक्षिप्त लेकिन प्रभावी" बताकर नीति आधारित चर्चाओं पर जोर देने की बात कर रही है।

## डॉ. अजय खेमरिया ने कार्यभार ग्रहण किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मप्र के नव नियुक्त दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। वर्तमान में आयुक्त का प्रभार प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय के पास था। डॉ. खेमरिया ने पत्रकार कॉलोनी भोपाल स्थित आयुक्त कार्यालय में पदभार ग्रहण कर विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कर्मचारियों ने नवनियुक्त आयुक्त का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के प्रदेश सचिव रामेंद्र सिंह, पूर्व आयुक्त संदीप रजक, सक्षम संस्था के रविन्द्र कोपरगाँव, एपी नायडू, प्रीति तांबे, पूर्णिमा नायडू, सामाजिक न्याय के कंसलटेंट एच पी वर्मा समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर में जा घुसी बाइक, साला-जीजा की दर्दनाक मौत, मझौली में हादसे से मचा कोहराम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी। सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम छुही गल्ला गोदाम के पास मंगलवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार साला-जीजा की मौत हो गई। घटना के बाद गांव और परिजनों में मातम छा गया है। बताया जा रहा है कि दोनों रिश्तेदारी से लौट रहे थे, तभी सामने जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में उनकी बाइक जा घुसी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान शिवनाथ यादव (55 वर्ष) पिता फक्कड़ यादव निवासी पोंड़ी (तिलवारी) और बालकदास यादव पिता बब्बू यादव निवासी चुवाही (मझौली) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में साला-जीजा थे और एक ही बाइक पर सवार होकर चुवाही से तिलवारी की ओर जा रहे थे। रात लगभग 9 बजे जब वे छुही गल्ला गोदाम के पास पहुंचे, तभी सामने सड़क पर जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

### गोपाष्टमी पर भोपाल में उमड़ा गौभक्तों का सैलाब

# उमा भारती बोलीं- हर लाड़ली बहन को मिले एक गाय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर राजधानी भोपाल के दशहरा मैदान (अयोध्या बायपास) में बुधवार को गौभक्तों का विराट समागम हुआ। काफी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री साध्वी उमा भारती ने गौपूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा में कन्यापूजन और गौ स्तुति वाचन के साथ वातावरण धार्मिक और भावनात्मक हो उठा। इस मौके पर उमा भारती ने केंद्र और राज्य सरकारों के गौसंवर्धन और कृषि सुधार प्रयासों की सराहना की और कहा कि जब तक देश में गायों की रक्षा और गंगा का संरक्षण नहीं होगा, तब तक राम का कार्य अधूरा रहेगा। उमा भारती ने कहा कि "गाय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक और पर्यावरणीय शक्ति का आधार है।**

### ● लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए

सभा के दौरान साध्वी उमा भारती ने दोबारा राजनीति में सक्रिय होने के संकेत दिए। उन्होंने कहा मां गंगा और गौवंश से जुड़े कार्यों को और गति देने के लिए मैं 2029 में लोकसभा चुनाव लड़ूंगी। गाय और गंगा के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है। उन्होंने कहा कि "राम का काम अब गौ संवर्धन पर केंद्रित है।" साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वे गंगा और गौसंवर्धन के अधूरे कार्यों को अपने हाथों से पूरा करें।

# माँ नर्मदा के जल में आज मगरमच्छों को छोड़ा जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पुण्य सलिला माँ नर्मदा के वाहन मगरमच्छ को माँ नर्मदा में बसाने का अपना संकल्प पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मगरमच्छों के आवास के लिए नर्मदा जी की धारा अत्यंत अनुकूल है। गुरुवार 30 अक्टूबर को माँ नर्मदा के जल में मगरमच्छों को छोड़ा जाएगा। राज्य सरकार सभी प्रकार के जीवों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। प्रदेश में वन्य जीवों के साथ ही घड़ियाल, मगरमच्छ जैसे सभी प्रकार के जलीय जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष चंबल नदी में घड़ियाल छोड़े गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी अटल पथ पर मीडिया से चर्चा के दौरान दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण का अभियान चल रहा है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य एवं वन्य जीव परस्पर एक-दूसरे पर निर्भर हैं। मां नर्मदा जी का वाहन निर्मल जल में अठखेलियां करता दिखाई देगा। नर्मदा जी में मगरमच्छों को छोड़ते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इस जलीय जीव को ऐसे स्थान पर छोड़ा जाए, जहां लोगों को इससे खतरा न हो। मगरमच्छ की मौजूदगी मां नर्मदा के लिए शुभ होगी और यह जल की धारा को सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 30 अक्टूबर को खण्डवा जिले के नर्मदानगर प्रवास पर रहेंगे।

## संपादकीय

# क्यों जा रहे रक्षा मंत्री मलेशिया

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12वीं आसियान रक्षा मंत्री बैठक (एडीएमएम-प्लस) में शामिल होने के लिए आज मलेशिया जा रहे हैं। कुआलालंपुर में रक्षा मंत्री एक नवंबर को आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज 30 अक्टूबर को मैं नई दिल्ली से मलेशिया के कुआलालंपुर के लिए प्रस्थान करूंगा। मैं इस वर्ष की आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) में हिस्सा लूंगा, जो 1 नवंबर को मलेशिया में आयोजित हो रही है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि मैं मलेशिया के कुआलालंपुर में 'एडीएमएम-प्लस के 15 साल पर चिंतन और आगे की राह तैयार करना' विषय पर आयोजित मंच को संबोधित करूंगा। उन्होंने यह भी बताया कि एडीएमएम-प्लस के दौरान मलेशिया की अध्यक्षता में 31 अक्टूबर को आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की दूसरी अनौपचारिक बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सभी आसियान सदस्य देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य आसियान सदस्य देशों और भारत के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करना, 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को आगे बढ़ाना है। दो दिवसीय यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एडीएमएम-प्लस देशों के अपने समकक्षों और मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने बताया कि मैं हिस्सा लेने वाले एडीएमएम-प्लस देशों के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में अधिक सहयोग पर, साथ ही मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। एडीएमएम, आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) का सर्वोच्च रक्षा परामर्शदात्री और सहयोगात्मक संगठन है। एडीएमएम-प्लस, आसियान देशों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते और वियतनाम) और इसके आठ संवाद साझेदारों (भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के लिए सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है। भारत 1992 में आसियान का वार्ता साझेदार बना और इसका पहला एडीएमएम-प्लस 12 अक्टूबर, 2010 को वियतनाम के हनोई में आयोजित किया गया था। 2017 से, एडीएमएम-प्लस का आयोजन आसियान और प्लस देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष किया जाता है। एडीएमएम-प्लस के तहत, भारत 2024-2027 चक्र के लिए मलेशिया के साथ आतंकवाद निरोध पर विशेषज्ञ कार्य समूह का सह-अध्यक्ष है। आसियान-भारत समुद्री अभ्यास का दूसरा संस्करण भी 2026 में निर्धारित है।




बुद्धि का पैनापन किसी दूसरे को मात देने के लिए नहीं है। इसका मतलब है जीवन को बस वैसे ही देखना जैसा वह है।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# देवउठनी एकादशी

## कब है

## 1 या 2 नवंबर किस तारीख को व्रत रखें

# कब करें तुलसी विवाह



चार महीने की योग निंद्रा के बाद दो नवंबर को भगवान श्री हरि जाग जाएंगे। इस साल छह जुलाई को देवशयनी एकादशी से भगवान चार महीने की योग निंद्रा में चले गए थे। उनकी नींद कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी जिसे प्रबोधिनी, देवोत्थान या देवउठनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है, को टूटती है। इस दिन भगवान को शाम के समय जगाया जाता है। उनके लिए रंगोली सजाई जाती है और मौसमी फल और सब्जियों को अर्पित कर उन्हें गायन करके जगाया जाता है। गन्ने, मौसमी फलों को सजाकर उनपर सूप ढ़क दें, फिर दीपक जलाएं और ऊठो देव जागो देव,गीत गाकर विष्णु जी को जगाएं। ऐसी मान्यता है कि भगवान को भक्त इस दिन गीत, वाद्य और आरती आदि से जगाते हैं। प्रबोधनी एकादशी के साथ ही सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। एकादशी का मान दोनों दिन है। इस दिन तुलसी विवाह भी किया जाता है, जो प्रदोष काल में होता है, तुलसी विवाह 1 नवंबर को किया जाएगा, क्योंकि इस दिन एकादशी का प्रदोष काल मिल रहा है।

### • ज्योतिर्विद के अनुसार एकादशी किस दिन एकादशी व्रत

ज्योतिर्विद दिवाकर त्रिपाठी के अनुसार, काशी के महावीर पंचांग में कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि का आरंभ 31 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रात में 4 :02 बजे से होगा, जो 1 नवंबर दिन शनिवार को रात में 2 :57 बजे तक व्याप्त रहेगा। इस कारण से उदयकालिक स्थिति में एकादशी तिथि 1 नवंबर दिन शनिवार को प्राप्त हो रही है। प्रबोधिनी एकादशी व्रत का मान सबके लिए 1 नवंबर दिन शनिवार को होगा। 1 नवंबर एकादशी के दिन संपूर्ण विश्व के पालन करता श्री हरि विष्णु जी काव्य दिवस पूजन अर्चन करके योग्य निद्रा से जगाया जाएगा। पुराणों में एकादशी तिथि का बहुत अधिक महत्व बताया गया है। इस दिन अगर आप अन्न ना खा पाएं तो आप चावल का त्याग करें। ऐसा कहा जाता है कि जो इस दिन निराहार रहकर उपवास करता है, वो मोक्ष को पाता है। यह एकादशी बड़ी एकादशी में से एक मानी जाती है, इस दिन से आप एकादशी वरत शुरू कर सकते हैं और समाप्त भी कर सकते हैं।

Bihar

# बिहार में अपराधी हुए बेखौफ! सीवान में ASI की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, सुनसान इलाके में मिला शव

**सीवान, (एजेंसी)** बिहार के सीवान जिले में अपराधियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. दरौंदा थाना क्षेत्र में पदस्थापित एएसआई अनिरुद्ध कुमार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई. हत्या के बाद अपराधियों ने उनका शव सुनसान इलाके में फेंक दिया.

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. सिरसा नवका टोला गांव में जब लोगों ने शव देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, एएसआई अनिरुद्ध कुमार बीती रात किसी काम से सिविल ड्रेस में निकले थे. इसी दौरान रास्ते




में अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया. प्रथम दृष्टि से लग रहा है कि हत्या धारदार हथियार से की गई है.

पुलिस के मुताबिक, हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है, जिससे साफ है कि अपराधियों ने पहले से साजिश रची थी. एएसआई की हत्या से पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर है. दरौंदा थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान एएसआई अनिरुद्ध कुमार के रूप में हो चुकी है. फिलहाल पुलिस टीम आस-पास के इलाकों में छापेमारी कर रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है. जिला पुलिस अधीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच टीम को जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए. घटना के बाद प्रशासनिक स्तर पर कई टीमें गठित की गई हैं. स्थानीय थानों को सतर्क कर दिया गया है.

Bengaluru

## छोटे से झगड़े में जोड़े ने कार से दो किमी तक किया फूड डिलीवरी एजेंट का पीछा, टक्कर मार ली जान, गिरफ्तार



**बंगलूरू, (एजेंसी)** बंगलूरू के एक कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट प्रशिक्षक और उसकी पत्नी को फूड डिलीवरी एजेंट की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसे सड़क पर जानबूझकर की गई गुस्से की घटना (रोड रेज) बताया है। यह घटना 25 अक्तूबर की रात नटराज लेआउट में हुई, जिससे पूरा शहर आश्चर्यचकित था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि दंपति ने मामूली टक्कर के बाद जानबूझकर अपनी कार से पीड़ित की स्कूटी में टक्कर मारी। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने आरोपियों की पहचान मनोज कुमार (32 वर्षीय) और उसकी पत्नी आरती शर्मा (30 वर्षीय) के रूप में की है। मनोज केरल का रहने वाला है, जबकि उसकी पत्नी जम्मू-कश्मीर की रहने वाली है। दोनों की शादी को पांच साल हुए हैं। आरोपियों को तब गिरफ्तार किया गया, जब जांचकर्ताओं ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पाया कि उनकी कार ने दो किलोमीटर तक पीड़ित की स्कूटी का पीछा किया और उस पर टक्कर मारी। पीड़ित दर्शन (24 वर्षीय) केम्बट्टल्ली का रहने वाला था और फूड डिलीवरी एजेंट था। कार के पीछे से स्कूटी को टक्कर मारने के बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ स्कूटी पर बैठा उसका दोस्त वरुण घायल हो गया। दर्शन अविवाहित था और उसके घर में अब माता-पिता और बहन हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रात करीब नौ बजे शुरू हुई, जब दर्शन की स्कूटी गलती से मनोज कुमार की कार के दाहिने तरफ रियर-व्यू मिरर से टकरा गई।

Uttarpradesh

## 20 साल बाद जेल से बाहर आया नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी सुखदेव यादव, सड़क हादसे में मौत

**कुशीनगर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से बड़ी खबर सामने आई है. साल 2002 के बहुचर्चित नीतीश कटारा ऑनर किलिंग केस के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की सड़क



दुर्घटना में मौत हो गई है. पुलिस के अनुसार मंगलवार रात लगभग 10 बजे यह हादसा हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी. बाइक पर तीन लोग सवार थे, जिनमें से 55 साल के सुखदेव यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य साथी विजय गुप्ता और भगवत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि यह हादसा कुशीनगर जिले के तमकुही रोड इलाके में हुआ. हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

Uttarpradesh

## एसडीएम की गाड़ी पर पथराव, अफसर ने भागकर बचाई जान, ड्राइवर और गनर घायल

**अलीगढ, (एजेंसी)** यूपी के अलीगढ़ में महुआखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव असदपुर कयाम में अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची नगर निगम की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने टीम के सामने जमकर हंगामा काटा, जिसके चलते टीम को बीच में ही कार्रवाई बंद करके लौटना पड़ा। लेकिन, उसी दौरान वहां से गुजर रही अतरौली एसडीएम की गाड़ी को लोगों ने घेर लिया और पथराव करके उसका शीशा तोड़ दिया। एसडीएम ने भागकर अपनी जान बचाई। पत्थर लगने से उनका चालक व गनर घायल हो गए। बाद में पुलिस बल ने हालात संभाले। मामले में आठ नामजद व 25-30 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। देररात एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने घटनास्थल का जायजा लिया।




एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। इसका लोगों ने विरोध किया। टीम लौट गई थी, तभी वहां से एसडीएम अतरौली की गाड़ी गुजर रही थी, जिस पर लोगों ने पत्थर फेंके। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

खेल

### सिडनी में शतकीय पारी से रोहित को हुआ फायदा

# वनडे रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पर, बनाया रिकॉर्ड

**दुबई।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी की जारी नवीनतम वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच में नाबाद शतकीय पारी खेली थी जिसका उनको फायदा हुआ। रोहित 38 साल 182 दिन की उम्र में वनडे रैंकिंग में शीर्ष बल्लेबाज बनने वाले भारत के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।



### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बिखेरी चमक

रोहित भारत के अनुभवी बल्लेबाज हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज से भारतीय जर्सी में वापसी की थी। रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भारत के लिए आखिरी बार इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेले थे। उन्होंने 223 दिनों बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। पर्थ में खेले गए पहले वनडे मैच में रोहित का बल्ला खामोश रहा था, लेकिन अगले दो मैचों में वह पुरानी लय में नजर आए थे। रोहित इस दौरान वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए थे।

### रोहित ने गिल को पीछे छोड़ा

ऑस्ट्रेलिया में अपने दमदार प्रदर्शन से रोहित बुधवार को आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ शीर्ष पर आ गए। यह पहली बार है जब रोहित वनडे में शीर्ष बल्लेबाज बने हैं। रोहित ने भारतीय वनडे कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़ा और नंबर एक वनडे बल्लेबाज बनने में सफल रहे। रोहित के पिछले सप्ताह 745 रेटिंग अंक थे, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में 73 रन और तीसरे मैच में नाबाद 121 रनों की पारी खेली। लगातार दो मैच में बड़ी पारी की बदौलत उनके 781 रेटिंग अंक हो गए और वह शीर्ष पर आने में सफल रहे। वहीं, गिल तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान बरकरार हैं। तीसरे मैच में चोटिल हुए श्रेयस अय्यर भी एक स्थान के सुधार से नौवें स्थान पर आ गए हैं। अक्षर पटेल ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में चार स्थान के सुधार के साथ आठवें, जबकि गेंदबाजों की सूची में छह स्थान के सुधार के साथ 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

सिनेमा

## साई बाबा फेम सुधीर दलवी के इलाज में मदद करके ट्रोल हुईं रिद्धिमा साहनी, दिया सॉलिड जवाब



साई बाबा फेम सुधीर दलवी की मदद के लिए ऋषि कपूर की बेटी रिद्धिमा साहनी आगे आई हैं। इस पर भी लोगों ने उन्हें ट्रोल किया तो रिद्धिमा ने शालीन जवाब दिया है। बता दें कि सुधीर की उम्र 86 वर्ष हो चुकी है। वह मुंबई के लीलावती अस्पताल में हैं। उनके इलाज में काफी खर्च हो चुका है और परिवार लोगों से आर्थिक मदद मांगी थी। सुधीर दलवी रामानंद सागर की रामायण में गुरु वशिष्ठ का रोल कर चुके हैं। वह फिल्म शिरडी के साई बाबा में लीड रोल में थे। इसके अलावा कई फिल्मों में एक्टिंग कर चुके हैं। सुधीर गंभीर रूप से बीमार हैं। उनके इलाज में 10 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और 15 लाख की और जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में उनके परिवार ने शुभचिंतकों से आर्थिक मदद मांगी थी। यह न्यूज फैलने के बाद कई लोगों ने उनकी मदद की, इनमें नीतू कपूर की बेटी रिद्धिमा साहनी भी थीं। रिद्धिमा ने उनके इलाज के लिए पैसे दिए और वायरल पोस्ट पर लिखा, हो गया, प्रार्थना करती हूं कि वह जल्दी ठीक हों। इस पर एक यूजर ने लिखा, अगर मदद की है तो यहां क्यों लिख रही हो, फुटेज चाहिए? इस पर रिद्धिमा ने जवाब दिया है, जीवन में सब कुछ दिखाने के लिए ही नहीं होता, अगर आप अपनी क्षमता के मुताबिक किसी की मदद कर सकें तो यह बड़ी ब्लेसिंग होती है।




1. Who was Darshan Singh Sahsi, NRI business tycoon killed in Canada?
2. Pak's airspace closure causing ₹4,000 crore hit to Air India: CEO
3. 'PM Modi can dance on stage for votes,' says Rahul Gandhi; BJP criticises him
4. Pune techie arrested over terror links had saved Osama's speeches
5. J&K Lt Governor's 16-yr-old relative dies by suicide; note says he was haunted by spirits
6. Delhi-Mumbai Expressway to open in Dec, cuts travel time to 12 hrs

# Google Cloud, Gemini power Alphabet earnings as 'AI now driving real business'

**NEW DEIHI, (Agency).** Alphabet Inc. sales topped quarterly Wall Street estimates, fueled by a surge in demand for its cloud and AI services. Shares rose as much as 7.5% in extended trading.

Third-quarter sales, excluding partner payouts, rose to $87.5 billion, Alphabet said in a statement Wednesday. That topped the $85.1 billion expected on average by analysts, according to data compiled by Bloomberg. Net income was $2.87 per share, compared with Wall Street's estimate of $2.26.

The company is investing record amounts to try to push progress in AI, and infuse answers and assistance from its large language model, Google Gemini, into its popular products including search. The company said capex for the year will be $91-93 billion, up from the $85 billion earlier estimate.

Competitors Meta Platforms Inc. and Microsoft Corp., which also reported on Wednesday, made similar promises to spend more, and their shares fell in extended trading. But Alphabet Inc. was able to prove to investors that its spending is fueling growth across Google's businesses, particularly in cloud computing and search advertising.



"We are seeing AI now driving real business results across the company," Alphabet Chief Executive Officer Sundar Pichai said on a call with analysts. "Our momentum is strong." He added that revenue from products built on Google's generative AI models grew more than 200% from a year earlier, a sign that the company's years of investment in infrastructure and research are beginning to pay off. The company is also seeing growth selling AI tools to its cloud customers.

Alphabet views its AI spending—from data centres and custom chips to research and talent—as critical for competing against big cloud-computing rivals like Amazon.com Inc. and Microsoft. Chief Financial Officer Anat Ashkenazi said about 60% of the company's capex in July-September went to servers, with the rest directed to data centres and networking equipment that support its expanding AI operations.

# Microsoft's Azure posts blockbuster growth amid massive outage, beats Wall Street estimates

**NEW DEIHI, (Agency).** Microsoft reported blockbuster growth in its Azure business on Wednesday, pushing its quarterly revenue past Wall Street estimates. This was on a day when the cloud-computing service faced a massive outage.

Microsoft Azure's quarterly results show that businesses are still splurging on artificial intelligence services despite fears of a bubble.

Microsoft said the Azure cloud business, its key AI unit, grew 40% in the July-September period - its fiscal first quarter




- outpacing Visible Alpha estimates of about 38.4%.

The results highlight the growing returns from Microsoft's massive AI investments. However, a web of circular deals, soaring valuations, and limited evidence of AI productivity gains have raised doubts about how long the boom will hold.

Total revenue rose 18% to $77.7 billion, beating expectations of $75.33 billion, according to data compiled by LSEG.

That marked the tech company's second major win this week, following a revised deal with OpenAI that gave it a 27% stake worth about $135 billion, as well as a cut of sales and access to intellectual property, clearing up uncertainty about the collaboration with the company synonymous with the AI boom.

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरुकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक